जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकः एफ/विकास/2020/707

दिनांक : 08/06/2020

अधिसूचना

अवर सचिव, म0प्र0शासन, उच्चशिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल से प्राप्त पत्र क्र.एफ/23-25/2019/38-2, भोपाल दिनांक 16/12/2019 के अनुसार **महात्मा गांधी जी के 150वी जंयती के सम्बन्ध में बिन्दु क्र. 4.2** के अर्न्तगत इस विश्वविद्यालय में एक गांधी पीठ/गांधी चेयर की स्थापना राजनीति विज्ञान एवंम लोक प्रशासन अध्ययनशाला में की गयी है।

गांधी चेयर के तत्वाधान में महात्मां गांधी पर केन्द्रित शोधकार्य करने वाले शोधार्थीयों को निम्नानुसार फैलोशिप प्रदार्न की जायेगी।

1. ऐसे शोधार्थी जो वरिष्ठ गांधी जी के विचारों के अध्येता को **"गांधी स्कॉलर"** के रूप में विश्वविद्यालय मान्यता प्रदान करेगा।
2. इसके साथ ही राजनीति शास्त्र विषय के एक छात्र/छात्रा को विश्वविद्यालय की ओर से गांधी स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी जिसने जीवाजी विश्वविद्यालय से पी.एच.डी.(पोस्ट डॉक्टरल फैलोशिप)की उपाधि प्राप्त की हो ऐसे छात्र/छात्रा को प्रतिमाह रू.5,000/- एक वर्ष तथा अधिकतम 3वर्षो तक यह फैलोशिप प्रदान की जायेगी।
3. ऐसे शोधार्थी जो एम.फिल/पी.एच.डी. कर रहे है उनको रू.3,000/- की फैलोशिप सिर्फ एक वर्ष के लिए ही प्रदान की जायेगी।
4. महात्मा गांधी के विचारों का प्रचार व प्रसार करने वाले व्यक्ति को सिर्फ सम्मानित किया जायेगा। फैलोशिप प्रदान नही की जायेगी।
5. पी.एच.डी. कर चुके सम्मानित व्यक्ति **गांधी फैलो** कहलायेंगे।

अतः उपर्युक्त शोधार्थी अपने आवेदन सादा पेज पर समस्त शैक्षणिक, अनुभव प्रमाण-पत्रों को स्व-प्रमाणित कर विश्वविद्यालय की वेबसाइट -**www.jiwaji.edu** पर भेज सकते है तथा प्रशासन विभाग में स्वंय आकर जमा कर सकते है। आवेदन पत्र प्राप्त होने की अन्तिम तिथि 22/06/2020 निर्धारित की गयी है।

भवदीय

कुलसचिव

8/6/20

प्रतिलिपि :

1. मा. कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. उप-कुलसचिव/सहा.कुलसचिव (विकास/प्रशा.) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. वित्तनियंत्रक(लेखा) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. विभागाध्यक्ष, राजनीति व लोक-प्रशासन अध्ययनशाला, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

की ओर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहा.कुलसचिव (विकास)